उत्तर प्रदेश शासन
पर्यटन अनुभाग
संख्याः-511/2022/आई/222499/41-1001/3/2022/188(सा0)/2022
लखनऊ:: दिनाँकः 07 अक्टूबर, 2022

कार्यालय-ज्ञाप

पर्यटन विभाग द्वारा केन्द्रीय, राज्य एवं जिला सेक्टर, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना, पर्यटन नीति, मेले/महोत्सव आदि के अन्तर्गत संचालित विभिन्न प्रायोजनाओं/ कराये जा रहे कार्यक्रमों के दृष्टिगत पर्यटन विभाग के कार्यों में हुई उत्तरोत्तर वृद्धि के फलस्वरूप कार्यों को समय से सम्पादित किये जाने हेतु पर्यटन निदेशालय, उत्तर प्रदेश में विशेष कार्याधिकारी का 01 नि:संवर्गीय पद (वेतनमान रू0 15,600/- से 39,100/-, ग्रेड पे-5400/-, पुनरीक्षित मैट्रिक्स लेवल-10) सृजित करने तथा सृजित किये जा रहे ''विशेष कार्याधिकारी'' के नि:संवर्गीय पद पर श्री आकाश प्रियदर्शी पुत्र स्व0 श्री अमित, उप निदेशक, पर्यटन निवासी-फ्लैट नं0-101 स्वास्तिक मगनोलिया अपार्टमेन्ट, निकट मनमोहन पार्क, पुराना कटरा, जिला, प्रयागराज को मृतक आश्रित के रूप में तैनात/नियुक्त करने की श्री राज्यपाल एतद्द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अन्तर्गत सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(1) सृजित पद के पदधारक द्वारा त्याग पत्र देने अथवा अन्य किसी विभाग में जाने अथवा उनकी मृत्यु होने अथवा अन्य किसी कारण से रिक्त होने पर यह सृजित पद उसी तिथि को स्वतः समाप्त हो जायेगा।

(2) सृजित पद का समस्त व्यय भार पर्यटन विभाग के स्रोतों से वहन किया जायेगा।

(3) श्री आकाश प्रियदर्शी के वेतन एवं भत्ते आदि वित्तीय हस्त पुस्तिका के संगत प्रावधानों एवं समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य होंगे।

(4) विशेष कार्याधिकारी के सृजित नि:संवर्गीय पद पर श्री आकाश प्रियदर्शी की तैनाती उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से मानी जायेगी।

(5) विशेष कार्याधिकारी का सृजित नि:संवर्गीय पद वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिनांक 28 फरवरी, 2023 तक रहेगा और सृजित नि:संवर्गीय पद की आवश्यकता एवं औचित्य पाये जाने पर इस पद की निरन्तरता जारी करने के सम्बन्ध में सक्षम स्तर का अनुमोदन वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-ए-2-2574/दस-98-24(8)/92, दिनांक 02 सितम्बर, 1998 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार प्राप्त करते हुए की जायेगी।

3- यह आदेश ई-पत्रावली संख्या-41-1001/3/2022 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति के क्रम में निर्गत किया जा रहा है।

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

संख्याः-511/2022/आई/222499/41-1001/3/2022/188(सा0)/2022
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. अपर मुख्य सचिव, नियुक्ति विभाग, उ0प्र0 शासन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

4. प्रमुख सचिव**,** मा0 मुख्यमंत्री**,** उ0 प्र0 शासन।
5. महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0 लखनऊ को उनके पत्र संख्या-3321/2-9(आकाश)/का0/ 2022, दिनांक 08.08.2022 के सन्दर्भ में।
6. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
8. उप निदेशक (अधिष्ठान), पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
9. वित्त (व्यय) नियंत्रण, अनुभाग-7, उ0 प्र0 शासन।
10. श्री आकाश प्रियदर्शी पुत्र स्व0 श्री अमित, निवासी-फ्लैट नं0-101 स्वास्तिक मगनोलिया अपार्टमेन्ट, निकट मनमोहन पार्क, पुराना कटरा, जिला, प्रयागराज द्वारा महानिदेशक, पर्यटन।
11. वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग, उ0 प्र0 शासन।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।